दिनांक–17.10.2024 समय–7.10एएम

**प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी, भोपाल**
**प्रातःकालीन समाचार**

**सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :–**

- केंद्र सरकार ने रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में की बढ़ोतरी, केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता भी बढ़ाया।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज अंतर्राष्ट्रीय अभिधम्म दिवस समारोह में होंगे शामिल।
- देवास जिले में अमृत संचय अभियान चलाकर सहेजा गया करोड़ों लीटर वर्षा जल।
- दतिया में अस्पताल में लगाया गया पिंक अलार्म, महिलाओं और मेडिकल स्टाफ की करेगा सुरक्षा सुनिश्चित।

**अब समाचार विस्तार से:–**

**मंत्रिमंडल बैठक**

केंद्र सरकार ने रबी की फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य–एमएसपी में बढ़ोतरी की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में नई दिल्ली में कल केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में रेपसीड और सरसों की फसलों में अधिकतम तीन सौ रुपये प्रति क्विंटल की बढोतरी की गई है। वहीं मसूर दाल में दो सौ 75 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है। चने का न्यूनतम समर्थन मूल्य दो सौ दस रुपये प्रति क्विंटल और गेंहू का एक सौ 50 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाया गया है। केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते–डीए और पेंशनभोगियों के महंगाई राहत–डीआर में भी तीन प्रतिशत की वृद्धि की गई है।

**शिवराज–न्यूनतम समर्थन मूल्य**

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विपणन सीजन 2025–26 के लिए छह रबी फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य–एमएसपी बढ़ाने के फैसले के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। कृषि मंत्री ने कहा कि यह नरेंद्र मोदी सरकार ही है जिसने उत्पादन लागत पर 50 प्रतिशत से अधिक मुनाफा देने वाली एमएसपी पर खरीद का निर्णय लिया है।

**प्रधानमंत्री – अभिधम्म दिवस**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय अभिधम्म दिवस और पाली को शास्त्रीय भाषा के रूप में मान्यता देने के उपलक्ष्य में आयोजित एक समारोह में शामिल होंगे। अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ इस कार्यक्रम का आयोजन संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से कर रहा है। प्रधानमंत्री अभिधम्म दिवस और पाली भाषा के महत्व और बौद्ध धर्म की समृद्ध विरासत को संरक्षित तथा प्रोत्साहित करने के सरकार के प्रयासों पर अपने विचार साझा करेंगे। पाली को हाल ही में चार अन्य भाषाओं के साथ शास्त्रीय भाषा के रूप में मान्यता मिलने के साथ ही इस वर्ष के अभिधम्म दिवस समारोह का महत्व बढ़ गया है। अभिधम्म दिवस भगवान बुद्ध के तैंतीस दिव्य प्राणियों के दिव्य क्षेत्र से संकासिया में अवतरण की याद दिलाता है।

**मध्यप्रदेश माइनिंग कॉन्क्लेव**

खनन क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित करने और आधुनिकतम तकनीकों का समावेश कर राज्य की खनिज संपदा का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा आज से मध्यप्रदेश माइनिंग कॉन्क्लेव–2024 का आयोजन किया जा रहा है।

दो दिवसीय कॉनक्लेव कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर, भोपाल में होगी। मध्यप्रदेश माइनिंग कॉन्क्लेव–2024 का उद्देश्य राज्य की खनन क्षमता को तकनीकी नवाचारों और सतत निवेश के माध्यम से नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना है। मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन कॉन्क्लेव में की–नोट संबोधन देंगे और मध्यप्रदेश के खनिज संसाधन पर केन्द्रित प्रदर्शनी का शुभारंभ करेंगे।

**प्रदेश किसान पंजीयन**

प्रदेश में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा के उपार्जन के लिए 7 लाख 66 हजार से ज्यादा किसानों ने पंजीयन कराया है। गत वर्ष करीब 7 लाख 54 हजार किसानों ने पंजीयन कराया था। पंजीयन की आखिरी तारीख 14 अक्टूबर थी। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि मोटे अनाज का उपार्जन 22 नवम्बर और धान का उपार्जन 2 दिसम्बर से किया जायेगा। किसान पंजीयन में यह रकबा 13 लाख 79 हजार 632 लाख हेक्टेयर है। रकबे का सत्यापन राजस्व विभाग के अमले द्वारा किया जा रहा है।

**दतिया पिंक अलार्म**

महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए दतिया जिला अस्पताल सह मेडिकल कॉलेज में एक अनूठा नवाचार किया गया है। जिला अस्पताल की 3 बिल्डिंगों में 7 स्थानों पर पिंक अलार्म लगाए गए हैं, जिससे महिला डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ को ड्यूटी के दौरान सुरक्षित माहौल मिल सके। यह प्रदेश का पहला जिला अस्पताल है जहाँ पिंक अलार्म की पहल की गई है।

इस नवाचार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जरूरत पड़ने पर महिलाओं को त्वरित पुलिस सहायता मिल सके। अस्पताल परिसर में किसी भी महिला को खतरा महसूस होने पर, वह अलार्म के बटन को दबा सकती है, जिससे तुरंत बिल्डिंग की छत पर सायरन बज उठेगा। इसके साथ ही अस्पताल में तैनात गार्ड और पुलिसकर्मी 5 मिनट में संबंधित स्टॉफ के पास पहुंचेंगे। इस अलार्म सिस्टम की रेंज 2 किलोमीटर तक है।

**देवास जिले में अमृत संचय अभियान**

देवास जिले में अमृत संचय अभियान चलाकर वर्षा जल को सहेजने का काम शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत करोड़ों लीटर पानी बचाया गया है और जानकारी दे रहे हैं देवास से हमारे संवाददाता नितिन गुप्ताः......

**वीसी– संवाददाता, नितिन गुप्ता, देवास**

**क्रिकेट भारत न्यूजीलैंड**

भारत और न्यूजीलैंड के बीच वर्तमान क्रिकेट टेस्ट श्रृंखला के पहले मैच के दूसरे दिन का खेल आज बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में शुरू होगा। बारिश की वजह से कल मैच शुरू नहीं हो पाया था। आज टॉस किए जाने के बाद मैच शुरू होने की संभावना है। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में भारत फिलहाल शीर्ष स्थान पर है जबकि न्यूजीलैंड छठे स्थान पर है।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में .....**

- यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में ओरछा के ऐतिहासिक समूह को नामांकित कराने के लिये म.प्र. टूरिज्म बोर्ड द्वारा तैयार कराये गए डोजियर को केंद्र सरकार ने यूनेस्को की विश्व धरोहर कमिटी को सौंप दिया है।
- मंडला के कान्हा टाइगर रिजर्व में चार दिवसीय तृतीय तितली सर्वेक्षण आज से शुरू होगा। सर्वेक्षण का मुख्य उद्देश्य तितली प्रजातियों की गणना करना है।

- राजगढ़ में कलेक्टर द्वारा रबी सीजन के दृष्टिगत जिले में खाद, बीज की उपलब्धिता की कल समीक्षा की गई। उन्होंने सोयाबीन उपार्जन के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए गए।
- पन्ना जिले के स्थानीय सकरिया में हवाई पट्टी का शुभारंभ आज 11 बजे किया जायेगा। इस कार्यक्रम मे मंत्री राकेश शुक्ला, मंत्री धर्मेन्द्र लोधी, सांसद वीडी शर्मा तथा विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह शामिल होगें।
- डिंडोरी में कृषकों को अधिक से अधिक विभागीय योजनाओं की जानकारी देने एवं रबी सीजन की तैयारी की उद्देश्य से विकास खण्डवार, ग्रामवार कृषि तकनीकी पखवाडे का आयोजन किया जा रहा है।
- शाजापुर में कलेक्टर ने शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए कड़े कदम उठाते हुए मॉक टेस्ट में "डी" ग्रेड श्रेणी में आने वाले विद्यालयों के प्राचार्यों को चेतावनी पत्र जारी करने के निर्देश दिये हैं।
- मन्दसौर में जिला प्रशासन की टीम द्वारा ग्राम बापच्या में लगभग साढ़े 12 करोड़ रु की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया।
- गुना में रोजगार मेले का आयोजन कुशमोदा स्थित गांधी वोकेशनल ऑटोनोमास में आयोजित किया गया। जिसमें 515 से अधिक युवा बेरोजगारों ने ऑनलाइन और ऑफ लाइन पंजीयन कराया गया।
- मुरैना में रबी फसल के लिये प्रतिवर्ष उपयोग किये जाने वाले डीएपी खाद की समस्या से निजात दिलाने के लिये इफको द्वारा मीडिया संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के दौरान दानेदार डीएपी खाद के विकल्प पर खुलकर चर्चा की गई।
- बैतूल में आज से मध्य प्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य ओंकार सिंह एवं डॉ.निवेदिता शर्मा जिले में शासकीय/अशासकीय संस्थाओं का निरीक्षण करेंगे।
- खंडवा के निमाड़ के प्रसिद्ध संत सिंगाजी मेला की समाधि स्थल पर करीब एक लाख से ज्यादा श्रद्धालुओ ने  समाधि के दर्शन किए।
- धार जिला मुख्यालय पर शरद पूर्णिमा के अवसर पर श्वास एवं दमा रोगियों को निःशुल्क औषधि का वितरण किया गया। जिले में विभिन्न स्थानों पर भंडारे एवं खीर वितरण के आयोजन हुए।

--------------------